तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 27 दिसम्बर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 वीर बाल दिवस पर सिख समाज द्वारा निकाली गई रैली





हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसम्बर 2023
कूपन नं. 16


## मेला घूमने जाने के नाम पर जमकर चली अवैध वसूली, सामरी क्षेत्र का मामला

# वसूली का अनोखा तरीका : साड़ी-सूट पहनकर पुरुषों ने रुकवाए ट्रक



साड़ी पहन कर बीच सड़क पर ट्रकों से वसूली करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अवैध रूप से कमाई का एक से एक नया जरिया निकाल ही लेते है। उगाही के लिए लोग किस तरह के पैंतरे आजमा रहे है इसका अंदाजा इस तस्वीर को देखकर लगाया जा सकता है। तस्वीर में साड़ी पहने लोग महिलाएं बल्कि पुरुष है जो ट्रकों को लाठी डंडे के दम पर रोककर उनसे अवैध उगाही कर रहे है। उगाही का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ क्षेत्र में लगे मेले में घूमने जाना है। मेला घूमने के नाम पर वसूली करने का यह अनोखा पैंतरा ग्रामीणों ने अपनाया है। यह पूरा मामला बलरामपुर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सामरी का है। बताया जा रहा है कि सामरी क्षेत्र में इन दिनों मेला लगा हुआ है और मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है इस बीच मेला घूमने के नाम पर कुछ ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से वसूली की जा रही है। वसूली के लिए ट्रकों को रुकवाने के लिए ग्रामीणों ने नया तरीका भी अपनाया है। आम तौर पर पुरुषों को देखकर ट्रक चालक वाहन नहीं रोकते ऐसे में गांव में पुरुषों द्वारा साड़ी, सलवार सूट पहनकर वाहनों को रुकवाया जा रहा है। ग्रामीण सामरी के डुमरखोली में महिलाओं के कपड़े पहनने के साथ ही लाठी डंडे से लैस होकर वाहनों को रुकवा रहे है और उसे वसूली कर रहे है। अचानक महिलाओं की वेशभूषा में सड़क जाम कर वाहनों को रुकवाने की घटना के बाद राहगीरों में भी हड़कंप मच गया। इस दौरान सड़क पर वाहनों की कतार लग गई और लोग घंटों परेशान रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने गुजरने वाले ट्रकों व अन्य वाहनों से वसूली की। जब लोगों ने वसूली का कारण पूछा तो ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मेला लगा हुआ है और उन्हें भी मेला घूमने जाना है। मेला घूमने के लिए रुपयों की जरूरत पड़ती है इस लिए वे वसूली कर रहे है। बड़ी बात यह है कि लाठी डंडे से लैस ग्रामीणों को देखकर विवाद से बचने के लिए चालकों ने भी अपने पास मौजूद रुपए उन्हें दे दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर वसूली की। लोगों का यह भी कहना है कि कुछ ग्रामीणों ने इसे अघोषित परम्परा ही बना लिया है और प्रतिवर्ष लगने वाले मेले व अन्य आयोजनों के लिए इसी तरह से महिलाओं की वेशभूषा में सज धजकर पुरुष वसूली के लिए निकल आते है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र में चल रही इस अवैध उगाही की जानकारी पुलिस प्रशासन को भी नहीं थी। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में अवैध वसूली का सिलसिला जारी था और इस वसूली से राहगीर भी दहशत में थे।

**खास बात**
- लाठी-डंडे से लैस पुरुष रुकवा रहे ट्रक

अलग खबर

### दिए है जांच के निर्देश

इस तरह के घटना की जानकारी नहीं मिली है। यदि ऐसा हो रहा है तो उसकी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।
-डॉ. लाल उमेद सिंह, एसपी

## खबर संक्षेप

### प्रशासनिक टीम ने जब्त किया 60 बोरी अवैध धान

**बलरामपुर।** जिले में चल रही धान खरीदी के दौरान अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला भी जारी है। कलेक्टर आर एक्का के निर्देश पर निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में लगातार कार्रवाई की जा रही है और कोचियों व बिचौलियों के पास से धान जब्त किया जा रहा है। इस बीच कलेक्टर श्री एक्का के निर्देशानुसार एसडीएम वाड्रफनगर के मार्गदर्शन में तहसीलदार रघुनाथ नगर के द्वारा अवैध रूप से भंडारित लगभग 60 बोरी धान जब्त किया गया है। ग्राम झपरा के निवासी रमदसिया के घर में जांच में पाया गया कि रमदसिया के द्वारा 60 बोरी धान अवैध रूप से अपने घर में भंडारित किया गया था। बता दें कि कलेक्टर जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं इसके साथ ही नागरिकों से आह्वान किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

### सांस्कृतिक गतिविधियों शामिल होने आवेदन 5 जनवरी तक

**बलरामपुर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव 2024 का आयोजन 14, 15 एवं 16 जनवरी 2024 को प्रस्तावित है। जिले के इस गरिमामयी उत्सव में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस महोत्सव में ऐसे कलाकार, व्यक्ति जो गायन, नृत्य, कविता पाठ्य, हास्य, संगीत वादन जैसे अन्य सार्वजनिक मंच पर दी जाने वाली सांस्कृतिक गतिविधियों पर रूचि रखते हों तथा तातापानी महोत्सव 2024 में अपनी कला का प्रदर्शन करना चाहते हैं, वे अपने द्वारा दिये जाने वाले प्रस्तुति के अंश का वीडियो (5 मिनट अवधि का), आवेदन पत्र के साथ 5 जनवरी 2024 तक कार्यालय कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज में जमा कर सकते हैं। जिला स्तरीय समिति द्वारा आवेदन पत्रों तथा वीडियो के अवलोकन पश्चात अंतिम रूप से कार्यक्रम का चयन किया जाएगा।

### कृषकों को वितरित किया गया धान बोनस प्रमाण पत्र

**रनहत।** सुशासन दिवस के अवसर पर दो वर्षों के बकाया धान की बोनस राशि का प्रमाण पत्र आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पस्ता में कार्यक्रम के दौरान किसानों को किया गया। पस्ता समिति में 1 करोड़ 56 लाख 67 हजार बोनस राशि वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शंभूनाथ जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही सरकार अपने वादों को पूरा करने में अग्रसर है। मोदी की गारंटी में सभी वादे पूरे होंगे। इस दौरान अज्जू गुप्ता, सुरेश प्रताप सिंह, विद्या प्रसाद, गायत्री प्रजापति, ललिता, ममता, लखपतिया, राजकुमार आदि उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**मनेन्द्रगढ़।** नेशनल हाईवे 43 मनेन्द्रगढ़-अनूपपुर मार्ग पर मंगलवार के दिन भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना 26 दिसंबर की है। मनेन्द्रगढ़-अनूपपुर मार्ग पर दो व्यक्ति बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। जैसे ही वह मार्ग पर घाट के समीप पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक और रेत लेकर जा रही ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई।

# बाइक पर घूमने निकले छात्रों को ट्रक ने कुचला, मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बतौली/सेदम

मंगलवार की सुबह एनएच 43 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से दो नाबालिग दोस्तों की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक का चालक बाइक सवारों को रौंदते हुए फरार हो गया। इस घटना के पीछे मुख्य वजह तेन रफ्तार के साथ ही कोहरे को भी बताया जा रहा है। कोहरा अधिक होने के कारण चालक को बाइक नजर नहीं आई होगी। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले में मर्ज कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम भटको निवासी 15 वर्षीय हेमंत आ. हरि भजन मंगलवार की सुबह अपनी बाइक से घूमने के लिए निकला था। किशोर बाइक से पहले अपने साथी शांतिपारा निवासी 14 वर्षीय अमरिकन आ. संजीवन के पास पहुंचा जहां से दोनों बाइक करामनक सीजी 15 डीवी 9067 से लालमाटी की ओर आ रहे थे। इस दौरान एनएच 43 पर सीतापुर की ओर से आ रहे ट्रक के चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सड़क पर गिरे नाबालिग लड़कों को ट्रक चालक कुचलते हुए फरार हो गया। घटना के बाद दोनक शव सड़क पर ही पड़े हुए थे जिससे वाहनों के पहिए थम गई और एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी चंद्र प्रताप तिवारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जिसके बाद शवों को पीएम के लिए भेजने के साथ ही आवागमन शुरू कराया गया। पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

- एनएच 43 पर हुई घटना, कोहरा व तेज रफ्तार बनी मुख्य वजह



### बाइक चलाना सीख रहे थे मृतक

ग्रामीणों के अनुसार दोनों दोस्त शांतिपारा स्कूल में कक्षा 7 वीं व 8 वीं में पढ़ाई करते थे। छात्रों को बाइक चलाने का शौक था और वे बाइक चलाने और घूमने के नाम पर निकले थे। सुबह लगभग 6.30 बजे दोनों छात्र एक ट्रक को ओवर टेक कर जैसे ही आगे निकले सीतापुर की तरफ से आ रहे ट्रक ने दोनों को कुचल दिया और फरार हो गया। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है वहीं परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

# पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर 2.98 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

पुलिस ने पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब दिलाने के नाम पर 2.98 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है और उनके पास से ठगी की रकम 65 हजार रुपए बरामद किया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी 42 वर्षीय रवि रंजन प्रकाश आ. शिवेश्वर प्रसाद सिन्हा ने 4 नवंबर को पुलिस से शिकायत की थी कि 25 अक्टूबर को एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे व्हाट्सएप कॉल कर पार्ट टाइम ऑनलाइन जॉब दिलाने का झांसा दिया और उससे अलग अलग किश्तों में 2 लाख 98 हजार 900 रुपए की ठगी कर ली। शिकायत के बाद एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला व एसडीओपी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान साइबर सेल से मिले तकनीकी सहयोग के बाद टीम को राजस्थान रवाना किया गया था। टीम द्वारा राजस्थान के झुंझुनू अंतर्गत पिलानी के ग्राम झेरली निवासी 33 वर्षीय मुकेश कुमार भूपेश आ. चंदगीराम, चूरू के हमीरवारा अंतर्गत सुलखानिया निवासी 30 वर्षीय संदीप कुमार आ. परमानन्द व चूरू के हमीरवारा अंर्गत हरपालू कुबड़ी निवासी 44 वर्षीय बलवान सिंह आ. जगदीश प्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने कमीशन के लालच में आकर ठगी करने की बात स्वीकार की। पुलिस द्वारा आरोपियों की निशानदेही पर 65 हजार रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त चार नग मोबाइल फोन को बरामद किया है। पुलिस द्वारा मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 66(डी) आईटी एक्ट व 41 (ए) सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जॉन प्रदीप लकड़ा, थाना प्रभारी सीतापुर अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक अश्वनी दीवान, सउनि केके यादव, प्रधान आरक्षक सुधीर सिंह, आरक्षक जयदीप सिंह, सुयश पैकरा, कृष्णा खेस, अशोक यादव, अरविन्द उपाध्याय सक्रिय रहे।

- राजस्थान से गिरफ्तार किए गए तीन आरोपी



### लॉटरी लगने के नाम पर महिला से 1.80 लाख की ठगी



लॉटरी लगने के नाम पर महिला से ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीतापुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम इमलीटिकरा निवासी 32 वर्षीया सुखमनिया पैकरा पति बाल कुमार पैकरा के पास 23 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति द्वारा जियो नंबर पर फोन कर महिला को 25 लाख रुपए व एक गाड़ी लॉटरी लगने की जानकारी दी गई और महिला को झांसे में लेकर अलग अलग किस्तों में 1 लाख 80 हजार रुपए की ठगी कर ली गई थी। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में एसपी सुनील शर्मा के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी, एसडीओपी ग्रामीण अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा मध्यप्रदेश के मैहर के मरकरा निवासी 24 वर्षीय अनुपम पटेल आ. रामनरेश पटेल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक से ठगी की गई रकम 1.80 लाख रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद करने के साथ ही धारा 420, 34, 66 (डी) आईटीएक्ट व 41 (ए) सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, सउनि अभिषेक पाण्डेय, आरक्षक मंटू गुप्ता, अनुज जायसवाल, पंकज देवांगन सक्रिय रहे।

- एमपी से आरोपी युवक गिरफ्तार, रकम बरामद

# महिला से दुष्कर्म के बाद मुंह दबाकर हत्या करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीतापुर

ढोढ़ी में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और मुंह व नाक दबाकर हत्या कर दी। महिला की मौत होने के बाद लाश को ढोढ़ी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इधर इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही विधायक ने भी महिला के परिजन से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने पुलिस से 21 दिसंबर को शिकायत की ▶▶ शेष पेज 2 पर

- ढोढ़ी में मिली थी महिला की लाश, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्का जाम



प्रदर्शन करती महिलाएं, इनसेट में पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### फांसी देने की मांग, परिजन से मिले विधायक

आज मृतिका के साथ दुष्कर्म की जानकारी मिलने के बाद परिजन व लोगों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने एनएच 43 पर चक्का जाम कर दिया। इस दौरान पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा ग्रामीणों को समझाइस दी गई। ग्रामीण हत्या व दुष्कर्म के आरोपी को फांसी देने की मांग कर रहे थे। पुलिस द्वारा परिजन को समझाइस देकर मामला शांत कराया गया। इसके साथ ही घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक राम कुमार टोप्पो मृतिका के परिजन से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने घटना की निंदा करने के साथ ही परिजन को ढांढ़स बंधाया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## एसपी ने 7 थाना प्रभारियों समेत 14 पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

**बलरामपुर।** एसपी ने मंगलवार को 7 थाना प्रभारियों समेत 14 पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। एसपी द्वारा कई पुलिसकर्मियों को थानों की जिम्मेदारी दी गई है जबकि लम्बे समय तक थानों में जमें पुलिस अधिकारियों को लाइन अटैच किया है। एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने निरीक्षक ललित कुमार यादव को थाना प्रभारी चांदो से थाना प्रभारी बंसतपुर, चन्दन कुमार सिंह को थाना प्रभारी बसंतपुर से थाना प्रभारी चलगली, विजय प्रताप सिंह को थाना प्रभारी चलगली से थाना प्रभारी रामानुजगंज, देवेंद्र कुमार ठाकुर को थाना प्रभारी कोरंधा से थाना प्रभारी रामचंद्रपुर, राजेश खलखो को थाना प्रभारी रामचंद्रपुर से लाइन, संतलाल आयाम को थाना प्रभारी रामानुजगंज से लाइन, सुधीर मिंज को थाना प्रभारी पस्ता से लाइन, एसआई हिम्मत सिंह शेखावत को थाना रामानुजगंज से चौकी प्रभारी तातापानी, प्रमोद कुमार पांडेय को थाना राजपुर से थाना पस्ता, अजय कुमार साहू को चौकी प्रभारी विजयनगर से लाइन, बृजेश कुमार यादव को चौकी प्रभारी रनहत से लाइन, टिकेश्वर यादव को चौकी प्रभारी तातापानी से लाइन, बृजमोहन गुप्ता को थाना प्रभारी त्रिकुंडा से लाइन व बंश नारायण शर्मा को थाना रामानुजगंज से लाइन अटैच किया गया है।

घाटबर्रा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# सरगुजा स्थित खदान के समर्थन में खड़े हुए ग्रामीण

### घाटबर्रा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के अधीन ग्राम घाटबर्रा के ग्रामीणों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के बाद अब जिला कलेक्टर को अपने क्षेत्र के विकास और रोजगार के मुद्दे को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

मंगलवार को लगभग 200 ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन लेकर ग्रामीणों का एक समूह जिला मुख्यालय अंबिकापुर पहुंचा। यहां इन्होंने सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और अपने क्षेत्र में आवंटित परसा ईस्ट कांता बासन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि का अधिग्रहण कर जल्द से जल्द मुआवजा व रोजगार तथा वन अधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राहियों को मुआवजा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। ज्ञापन में इन्होंने लिखा कि परसा ईस्ट कांता बासन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही चल रही है जिसके तहत ग्रामसभा किया जाना है जो कि अभी तक लंबित है। उक्त कोयला खदान में खनन का कार्य ग्राम घाटबर्रा की सीमा के निकट तक पहुंचता जा रहा है किन्तु आज तक हम ग्रामवासियों को रोजगार प्राप्त नहीं हुआ है और न ही भूमि का मुआवजा मिला है, तथा वन अधिकार के अन्तर्गत प्राप्त पट्टे की भूमि का मुआवजा भी अभी तक प्रदान नही किया गया है। भूमि का अधिग्रहण नहीं होने के कारण हम ग्रामवासी रोजगार व भूमि के मुआवजा से वंचित हैं और हमारे परिवार का भरण पोषण अच्छे से नहीं हो पा रहा है। इस दौरान घाटबर्रा गांव के सन्नी यादव, हुबलाल, बाबलू हरिजन, सुरेन्द्र यादव ने कलेक्टर कुंदन कुमार से अनुरोध करते हुए कहा कि परसा ईस्ट केंते बासेन कोल परियोजना से प्रभावित ग्राम घाटबर्रा की भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जल्द से जल्द भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही करने का कष्ट करें जिससे कि हमें भूमि का मुआवजा तथा पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली सभी सुविधाओं के सहित हमें रोजगार प्राप्त हो सके। साथ ही साथ वनाधिकार पट्टे से प्राप्त भूमि का मुआवजा भी शीघ्र प्रदान करने की कृपा करें।






## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री से मिले मानव उत्थान समिति के पदाधिकारी

**अम्बिकापुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सदगुरुदेव सतपाल महाराज के शिष्य छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक राजेश्वर सिंह एवं शाखा विश्रामपुर के शाखा प्रधान गणेश प्रसाद राजवाड़े, हीरालाल राजवाड़े, धनीराम सिंह, अनिल सिंह एवं पुष्पा सिंह छत्तीसगढ़ शासन में भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की।

### आश्वासन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित

**मानीचौक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी के ग्रामीणों ने 27 दिसंबर को नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर गायत्री खदान को बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद एसईसीएल के अधिकारी मामला को संज्ञान में लेते हुए ग्रामीणों की जीएम ऑफिस विश्रामपुर में बैठक लेकर आश्वस्त कराया ,जिसके बाद ग्रामीणों ने उक्त हड़ताल को एसईसीएल के अधिकारियों को निश्चित समय तक मांग पूरा करने की बात रखी जिसके बाद हड़ताल को स्थगित किया गया है । पोड़ी सरपंच प्रतिनिधि दरोगा सिंह ने बताया की एसईसीएल के महाप्रबंधक ने ग्रामीणों के साथ बैठक नौकरी मुआवजा की मांग को उचित बताते हुए राजस्व विभाग द्वारा भूमि सत्यापन का कागजात तैयार कर एसईसीएल को प्रस्तुत नहीं करने की बात कही। एसडीएम रवि सिंह से कार्रवाई जायजा लिया जिसमे प्रक्रिया पूर्ण नहीं होना बताया गया। ग्रामीणों ने एक महीना का समय राजस्व विभाग को देते हुए हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की।

### छात्रावास निर्माण में गड़बड़ी शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** शिवसेना के विष्णु वैष्णव ने आज मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें ग्राम पंचायत नमदगिरी में बन रहे छात्रावास निर्माण में हो रहे गड़बड़ी का आरोप लगाया। विष्णु वैष्णव ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम नमदगिरी में छात्रावास निर्माण किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार अधिकारियों मिलीभगत कर निर्माण कार्य में गड़बड़ी बरती जा रही है। निर्माण कार्य में ओभर इस्टीमेंट बनाकर एवं गुणवत्ता विहीन मटेरियल से निर्मित कर शासकीय पैसों का दुरुपयोग कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं। शिवसेना के पदाधिकारियों ने मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

## निधन

### शुक्ला सिंह पावले

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष व ग्राम पंचायत रामनगर निवासी संतोष



पावले के पिता शुक्ला सिंह पावले का मंगलवार को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हें मुखाग्नि पुत्र संतोष पावले ने दी। वे अपने पीछे एक पुत्र व चार पुत्रियों सहित भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।

## कोयला निकालने जगह-जगह खोद दी खदानें

# एक साल की चुप्पी के बाद फिर सक्रिय हुए कोयला तस्कर



गड्ढे से कोयला निकालते ग्रामीण।



अवैध खदान के लिए तस्करों द्वारा खोदा गया गड्ढा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

क्षेत्र में एक बार फिर कोयला तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है। कोयला खनन के लिए तस्करों ने जगह-जगह कोयला की छोटी-छोटी खदानें तैयार कर ली है तथा लगातार कोयले का उत्खनन भी कररहे हैं। जिस तेजी से कोयला की अवैध खदानें तैयार हो रही है आने वाले समय में अपराधिक गतिविधियां बढ़ने से इंकार नहीं किया जा सकता।

**खास बात**

- तस्करी रोकने नहीं हो रही कारगर पहल

लखनपुर के बड़े इलाके के भू-गर्भ में कोयला का अकूत भण्डार भरा है। कुछ इलाकों में 5-6 फीट की गहराई में ही कोयला निकल जाता है। कई क्षेत्रों में तो घर बनाने के लिए नींव खोदने के दौरान ही कोयला की मोटी सतह दिखने लगती है। आसपास के नदी-नालों की सतह से भी भारी मात्रा में कोयला निकलता है। पूर्व में कुछ लोग चोरी-छिपे अपने उपयोग के लिए कोयला का खनन करते थे। बाद में कुछ ग्रामीण होटल-ढबों में खपाने के लिए कोयला का उत्खनन करने लगे लेकिन पिछले दो दशकों से कोयला तस्कर धड़ल्ले से अपनी-अपनी कोयला खदाने संचालित कर रहे हैं। तस्करों ने दबंगई पूर्वक राजस्व एवं वन भूमि में अपनी कोयला खदानें तैयार कर ली है। नदी-नालों के किनारे भी ऐसी दर्जनों खदानें संचालित हं। बड़े पैमाने पर संचालित हो रही कोयला खदानों पर रोक लगाने न तो कभी खनिज विभाग ने कार्रवाई करने की हिम्मत जुटाई न ही कभी पुलिस विभाग ने ही सख्ती की। एक साल पूर्व पहली बार प्रशिक्षु आईपीएस रांविंसन गुड़िया की सख्ती पर कुछ समय तक कोयला तस्करी पूरी तरह से ठप रही। उनके जाने के बाद फिर से तस्करअपनी कोयला खदानें तैयार करना शुरू कर दिए हैं। तस्कर सस्ते दामों में अवैध कोयला बेचते हैं। पूर्व में तस्कर ट्रैक्टरों से कोयला परिवहन करते थे लेकिन अब ट्रैक्टरों की धर-पकड़ शुरू हो गई है जिससे तस्कर अब बाइक से कोयले का परिवहन कर रहे हैं। ईंट भट्ठों में अधिक मांग होने के कारण तस्कर पूरी रात बाइक पर एक साथ 3 बोरा कोयला लोड कर पूरी रात परिवहन करते हैं। एक स्थान पर कोयला जमा करने के बाद ट्रैक्टर से भी कोयले का परिवहन किया जा रहा है। खनिज एवं पुलिस विभाग बीच-बीच में तस्करों पर कार्रवाई करने की खानापूर्ति करते रहा है लेकिन तस्करों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

### ऐसे बनाते हैं खदान

तस्कर जेसीबी की मदद से उत्कृष्ट स्तर के कोयले वाली जगह पर 7-8 फीट गहरा चौकोर गड्ढा खुदवाते हैं। कोयला उत्खनन की जिम्मेदारी गांव के एक्सपर्ट मजदूरों को सौंप देते हैं। ऊपर की कठोर सतह ही हटाने के बाद शिफ्टवार चार-चार मजदूर कोयला का उत्खनन करते हैं। दो मजदूर गड्ढे में कोयला खोदते हैं जबकि दो मजदूर खोदे गए कोयले को रस्सी के सहारे बाहर निकालते हैं। थकने पर कोयला खोदने वाले मजदूर बाहर निकल जाते हैं तथा कोयला बाहर निकालने वाले मजदूर कोयला खोदते हैं। इस तरह इन अवैध खदानों का संचालन दिन-रात चलते रहता है। अंधेरा होने पर संग्रहित कोयले का परिवहन किया जाता है। तस्कर ग्रामीणों को मजदूरी का साप्ताहिक भुगतान करते हैं। गहरी खदानों से हर दूसरे दिन पम्प लगाकर पानी भी निकालना पड़ता है।

### नई क्षेत्रों में अवैध खदानें

कोयला खनन के लिए तस्करों ने अलग-अलग स्थानों पर 50 से अधिक निजी खदानें बनाई है। ग्राम पंचायत गुमगरा के खालकछार में हाल ही में तस्करों ने तीन खदानें बनाई है जिनमें एक से लगातार कोयले का उत्खनन किया जा रहा है। गुमगरा नागमाड़ा में चार गड्ढे खोदे गए हैं। अमेरा खदान के पास ग्राम चिलबिल, परसोड़ीकला स्थित चुल्हट नी के किनारे लगभग 8 गड्ढे खोदे गए हैं। पूर्व में खोदे गए गड्ढों में अभी पानी भरा है। पम्प से पानी निकालने के बाद ही गड्ढों से कोयले का उत्खनन किया जाएगा।

### होगी सख्त कार्रवाई

मैं ऐसे क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर रहा हूं। कोयला तस्करी पर नजर रखी जा रही है। कोयला तस्करी में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-शुभम तिवारी
प्रशिक्षु डीएसपी
एवं थाना प्रभारी लखनपुर

## नगर आगमन पर विधायक को लड्डूओं से तौला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जिले के सामरी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा के प्रथम नगर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान नागरिकों के साथ ही कार्यकर्ताओ ने उन्हें लड्डुओं से तौला। बता दें कि सामरी विधानसभा से श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने चुनाव में जीत दर्ज की है। विधायक बनने के बाद आज प्रथम नगर आगमन पर बचवार चौक से शंकरगढ़ तक कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी के साथ ही विधायक को लड्डुओं से तौला गया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा, मण्डल अध्यक्ष दिनेश पैकरा ने जनता को संबोधित करते हुए क्षेत्र का विकास दो गुनी गति से करने की बात कही। जनपद अध्यक्ष शिवशंकर मरावी सहित क्षेत्रीय विधायक ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान नीरज कश्यप के नेतृत्व में विधायक को लड्डुओं से व संजय मित्तल द्वारा फल से तौला गया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मन्नालाल चौधरी, शिवनाथ यादव, राजेश अग्रवाल, अमिताभ सिंह देव, मुकेश कश्यप, निमेष यादव, योगेश यादव, तिलासाय, विवेक जायसवाल, आशीष केशरी, सोनू दुबे, अनुरंजन यादव, गोलू अली, राजनाथ ठाकुर, पूजा कश्यप, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### आधे अधूरे शौचालय को पूर्ण कराने सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** शहर के आकाशवाणी चौक पर संचालित पौनी पसारी में आधे अधूरे शौचालय के निर्माण की मांग को लेकर पूर्व एल्डरमैन ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व एल्डरमैन दीपक गर्ग ने बताया कि आकाशवाणी चौक पर विगत कुछ वर्षों से पौनी-पसारी बाजार का संचालन हो रहा है। पौनी पसारी में ग्रामीण और शहर के सब्जी, फल बेचने वाले सुबह से रात तक व्यवसाय करते है। इसके साथ ही सामान खरीददारी करने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी पहुंचते है लेकिन उक्त स्थल पर ग्रामीणों व आम राहगीरों के लिए एक भी मूत्रालय, शौचालय नहीं है। उक्त स्थल पर 2-3 वर्ष पूर्व उक्त स्थल पर शौचालय का निर्माण प्रारंभ हुआ था जो अधूरा पड़ा हुआ है। उन्होंने अधूरे शौचालय को पूर्ण कराने की मांग की है।

### सोनी को किया गया नेशनल प्राइड अवार्ड से सम्मानित



**अम्बिकापुर।** शहर के अधिक्वता व आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी को नेशनल प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया गया है। बताया जा रहा है कि 19 दिसंर को दिल्ली में भारत रज महोत्सव 2023 शीतकालीन सत्र व अदभुत भारत, संपन्न भारत, आत्म निर्भर भारत के तहत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन काका आयोजन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एवं क्राइम कंट्रोल कौंसिल तथा नेशनल एंटी कापरशन कमीशन द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के दौरान भारत में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले व समाज में भ्रष्टाचार व मानव अधिकार के क्षेत्र में कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में आरटीआई कार्यकर्ता डीके सोनी को सरगुजा हित में किए गए कार्यों के लिए इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एवं क्राइम कंट्रोल कौंसिल तथा नेशनल एंटी करप्शन कमीशन के सलेक्शन कमेटी द्वारा चयनित किया गया व उनके कार्यों को सराहा गया।

### किराना दुकान में चोरी करने वाले अपचारी बालकों समेत छह आरोपी गिरफ्तार

**वाड्रफनगर/बलरामपुर।** किराना दुकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन अपचारी बालक समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक साधु के वेश में घूमता है जबकि दूसरा थर्ड जेंडर बनकर घूमता है। इसके साथ ही आरोपी हाल ही में हत्या के प्रयास के मामले में जेल से बाहर निकला था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत रामनगर निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र गुप्ता आ. स्व. शंभु प्रसाद गुप्ता की ग्राम महेवा मुख्य बाजार में किराना दुकान संचालित है। व्यवसायी 23 दिसम्बर को अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। 24 दिसम्बर की सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो दुकान में पीछे की तरफ से सेंधमारी की गई थी। जब व्यवसायी ने दुकान खोला तो दुकान के अंदर से 40 हजार रुपए नगद, 20 हजार रुपए का किराना सामान व 10 हजार रुपए का एक टीवी गायब चोरी हो गया था। व्यवसायी ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर व एसडीओपी राम अवतार ध्रुव के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस द्वारा ग्राम महेवा निवासी 60 वर्षीय राम विलास बसोर आ. स्व. घूरन बसोर, 25 वर्षीय बनवारी प्रसाद आ. राम विलास, 22 वर्षीय गेंदा प्रसाद आ.राम बेलास समेत तीन अन्य अपचारी बालकों को पकड़ा गया है।

## अटल जी की प्रतिमा अनावरण से समाज में जाएगा बेहतर संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती को ग्राम पंचायत कुंजनगर के अटल चौक पर अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम विजयराज अग्रवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छग शासन की केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय गोयल सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर संगमरमर से निर्मित अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जीवनी, राजनैतिक क्रियाकलापों एवं उनकी कविताओं पर आधारित कार्यक्रम प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित की गई। केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा कुंजनगर अटल चौक पर अटल जी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामसेवक पैकरा ने कहा कि अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है, इससे समाज में एक बेहतर संदेश जाएगा। कार्यक्रम को बाबूलाल अग्रवाल व अजय गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक विजयराज अग्रवाल ने कहा कि ग्राम कुंजनगर के अटल चौक पर संगमरमर से निर्मित 98 किलो की मूर्ति स्थापित की गई है। ग्राम कुंजनगर में अटल जी की मूर्ति स्थापित कर हमने अटल जी के 99 वें जन्मदिवस पर उन्हे श्रद्धांजलि प्रकट की है। उन्होंने बताया कि आने वाले शताब्दी वर्ष में 100 अटल चौक पर अटल जी की मूर्ति स्थापित करने का संकल्प लिया गया है। कार्यक्रम में भाजपा शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष देवधनराम बिंझिया, सत्यनारायण जायसवाल, गीता जायसवाल, मो.इसराईल, पुष्पा सिंह, श्याम घोषाल, तुलेश्वर जायसवाल, राधे राजवाड़े, हरीश राजवाड़े, सोखा राम, हुकुम साय, गोपाल सिंह विद्रोही, सुरेश सिंह, अमित सिन्हा, गीता घोषाल, अंजु सिंह, रूबी सोनी, संदीप सरकार, भरत राजवाड़े, पवन कुमार बर्मन, उपसरपंच मोहम्मद इजाज अज्जू उपस्थित थे। मंच संचालन संदीप सरकार व आभार प्रदर्शन देवधन बिंझिया द्वारा किया गया।

- कुंजनगर अटल चौक में 98 किलो वजनी संगमरमर से बनी प्रतिमा का हुआ अनावरण



## जमदेई में अभा बिंझिया समाज महासम्मेलन के संबंध में बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम पंचायत जमदई में अखिल भारतीय बिंझिया समाज महासम्मेलन 8 जनवरी को आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी जगह के बिंझीया समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा सहित कई मंत्री व सरगुजा संभाग के सभी विधायक मौजूद होंगे। इस दौरान ग्राम जमदई में बिंझिया समाज द्वारा समाज की कमियां व उनके सुधार, उत्थान के लिए सुझाव, समाज के भीतर बुराईयों व कुरीतियों को मिटाने के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया गया।


- 8 जनवरी को महासम्मेलन में सीएम व डिप्टी सीएम होंगे शामिल



साथ ही जमदई में होने वाले महासम्मेलन की तैयारी के लिए भी चर्चा की गई। बैठक में वॉलिंटियर, वाहन पार्किंग व्यवस्था, हेलीपैड से लेकर अन्य कई विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बैठक में बिंझिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुवाल सिंह सिदार, कोषाध्यक्ष देवनारायण, सचिव हरदेव राम, जयनगर क्षेत्र के अध्यक्ष बुझन राम, तपेश्वर सिरदार, महोदर राम, बंधु राम, लालबहादुर, कैलाश सिरदार, देवशरण, राजेश्वर, सितेश सिरदार, विनोद सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।




## बिजनेस प्लस



### फन एन्ड फिश वर्ल्ड संभाग का सबसे बड़ा मेला

**अंबिकापुर।** शहर के कलाकेंद्र मैदान में आयोजित फन एंड फिश वर्ल्ड सरगुजा संभाग का अब का सबसे बड़ा मेला है। मेले में सरगुजा जिले के साथ ही पड़ोसी जिलों सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, जशपुर से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है और जमकर खरीददारी करने के साथ ही आकर्षक झूलों का लुत्फ उठा रहे है। क्रिसमस की छुट्टी में आने वाले लोगों को मछली की दुनिया फिश एक्वेरियम देखने को मिल रही है जिसमें हजारों प्रकार की मछलियों का संग्रह पहली बार देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही मेले में सेल्फी प्वाइंट भी विशेष आकर्षण का केंद्र है। मेले में ऊनी कपड़ों के विशाल रेंज उलब्ध है इसके साथ ही हैंडलूम, साड़ी, बेडशीट, अगरबत्ती समेत अनेकों सामान उपलब्ध है। किफायती दामों पर उपलब्ध सामान ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। मेले में बच्चों के लिए रंग बिरंगे खिलौने समेत कई प्रकार के मनोरंजन का साधन उपलब्ध है। मेले के संचालक ने लोगों से एक बार मेला में अवश्य पधारने का आह्वान किया है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महाराजा त्रिभुनेश्वर शरण सिंहदेव आ. स्व. महाराजा एम.एस. सिंहदेव निवासी कोठीघर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4570 रकबा 0.802 हे. में से रकबा 13x58=754 वर्गमीटर 13x58=754 वर्गमीटर भूमि को अनावेदक बालमुकुन्द जिन्दल आ. अजय कुमार जिन्दल व अन्य 01, निवासी तपकरा रोड कुनकुरी तहसील कुनकुरी जिला जशपुर के पास अंकन राशि रूपये 16,00,000-16,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12.01.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-07/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**


एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महाराजा त्रिभुनेश्वर शरण सिंहदेव आ. स्व. महाराजा एम.एस. सिंहदेव निवासी कोठीघर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 4572/4, 4574/2 रकबा 0.080, 0.125 हे. में से रकबा 3.80x16.76=63.68 वर्गमीटर 3.80x16.76=63.68 वर्गमीटर भूमि को अनावेदक औरंगजेब आ.मो. युनूस व अन्य 01, निवासी महामाया रोड रसूलपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 6,00,000-6,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12.01.2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-07/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**







माननीय रामविचार नेताम
कैबिनेट मंत्री - छत्तीसगढ़ शासन
स्वागतम्
संजय नेता
राजकुमार बंसल
विवेक दुबे